क्रिकेट ▶ अंतर जिला अंडर-13 क्रिकेट में पहले दिन हुआ रोमांचक मुकाबला

# मंडला ने नरसिंहपुर को पहली पारी में पीछे छोड़ा

**नवभारत, जबलपुर। 17 मार्च 2026 से जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-13 बालक वर्ग दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत नरसिंहपुर और मंडला के बीच रोमांचक मुकाबला सुभाष ग्राउंड, खमरिया में खेला गया।**

पहले दिन टॉस जीतकर नरसिंहपुर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम केवल 60 रन (28.3 ओवर) पर सिमट गई। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज वंश पांडे ने नाबाद 31 रन (66 गेंद) की महत्वपूर्ण पारी खेली। विराट महोबिया ने 10 रन बनाए। मंडला की ओर से तनमय चंडोल ने 4 विकेट, जबकि पर्व साहू और स्पर्श पटेल ने 3-3 विकेट लिए। मंडला ने अपनी पहली पारी में 126 रन (56 ओवर) बनाए और 66 रनों की बढ़त हासिल की। टीम की ओर से स्पर्श पटेल ने 53, पर्व साहू 12 और अपूर्व राय 11 रन बनाए। नरसिंहपुर की ओर से शिवांश चौधरी ने 4, अभि सिंग 3, विराट महोबिया 2 और शौर्य 1 विकेट लिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक नरसिंहपुर ने दूसरी पारी में 1 विकेट पर 3 रन बना लिए हैं। नाबाद बल्लेबाज वेद सेन 2 और समर्थ यादव 1 रन पर क्रीज पर हैं।




मैच में अंपायर की भूमिका आदित्य शर्मा, अंकित यादव ने निभाई और स्कोरर सचिन साहू रहे। खेल का दूसरा दिन आज सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा, जहां मंडला की बढ़त को चुनौती देने के लिए नरसिंहपुर पूरी ताकत से उतरेगी।

### जबलपुर की टीम 19 और 20 को खेलेगी अपने मैच

जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आस्क ओलंपिक ग्राउंड और वेस्टलैंड ग्राउंड में बालक वर्ग 13 की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता 17 मार्च से आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जबलपुर की टीम 19 और 20 मार्च को मैदान में उतरेगी। सुशील रजक द्वारा घोषित जिला टीम में समर्थ पांडे (कप्तान), अरहुम सिंघाई, आराध्य झरिया, अर्यवीर सिंह बघेल, अश्विं पटेल, जय वर्धन महत, राघव गुप्ता, अर्हुम खान, मंनोनित नाथन, यश पटेल, आरुष विश्वकर्मा, शिवम सिंह, अनंत चतुर्वेदी, अर्हुम जैन, सहज राजपूत और मन्वेंद्र सिंह भगेल शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में रणवीर सिंह, हुशभ खान, आदित्य मिश्रा, प्रज्ज्वाल गुप्ता और विराज जैन को रखा गया है।

# ब्राह्मण प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बना

▶ शिवान्या, शौर्य और जय श्री रामदूत एकादश ने जीते मैच

**नवभारत,जबलपुर।** रानीताल स्थित वेलोड्रम ग्राउंड में चल रही ब्राह्मण प्रीमियर लीग के छठे दिन तीन मैच खेले गए। इस मौके पर ब्राह्मण प्रीमियर लीग के मंच पर बैठकर नगर की जानी-मानी साहित्यिक विभूतियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि आचार्य विजय तिवारी 'किसलय', विशिष्ट अतिथि राजेश पाठक प्रवीण, संतोष नेमा संतोष ने सिक्का उछालकर खेल का श्रीगणेश किया।

अतिथियों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे युवाओं की प्रतिभाओं में निखार और एकता हेतु अनूठा कार्य बताया। महेश स्थापक, जागेश्वर दुबे, रमाकांत गौतम आदि भी मंचासीन रहे। वहीं सिद्धार्थ तिवारी, सुविल तिवारी संजय चौकसे, सतेंद्र दुबे द्वारा मैचों का आँखों देखा हाल सुनाया गया। लिटिल वर्ड स्कूल के खेल अधिकारी धीरज उपाध्याय स्पोर्ट्स ऑफिसर द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।



ब्राह्मण प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के छठवें दिन पहला मैच शिवान्या एकादश विरुद्ध श्री राम एकादश के बीच खेला गया जिसमें शिवान्या एकादश ने जीत हासिल की। दूसरा मैच बालाजी एकादश विरुद्ध शौर्य एकादश के बीच खेला गया जिसमें बालाजी एकादश ने जीत दर्ज की। दिन के तीसरे और अंतिम मैच नर्मदा पल्टन धनवंतरी नगर व जय श्री राम दूत एकादश के बीच खेला गया, जिसमें नर्मदा पल्टन ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 10 ओवरों में 75 रन बनाये।

जय श्री राम दूत ने इस लक्ष्य को बड़ी आसानी से प्राप्त कर लिया। मैचों में आयोजन समिति के सदस्य सुविल तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी, सतेंद्र पांडेय, अनुराग तिवारी, रितेश मिश्रा, पं. धीरेश उपाध्याय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# छिंदवाड़ा ने कटनी को 200 रन से हराकर फाइनल में बनाई जगह

▶ संभागीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (50-50 ओवर) में सेमीफाइनल का रोमांचक मुकाबला छिंदवाड़ा और कटनी जिलों के बीच एमपीसीए स्टेडियम, नीमखेड़ा, जबलपुर में खेला गया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला कटनी के लिए भारी साबित हुआ। छिंदवाड़ा ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट पर 276 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सान्या चौरसिया ने 136* (153) रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 1 छक्का शामिल था। श्रृष्टि नागपुरे ने 37 (38) रन बनाकर 81 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। पूनम परतें ने नाबाद 21 (19) रन जोड़े।



**कटनी की चुनौती अधूरी-** जवाब में कटनी जिले की टीम 25 ओवरों में पूरी तरह ढह गई और 10 विकेट पर सिर्फ 74 रन ही बना पाई, जिससे उसे 200 रनों से पराजय का सामना करना पड़ा। स्नेहा तिवारी ने 11 और सोना होतवानी ने 10 रन बनाए। छिंदवाड़ा की ओर से पूर्वी राजपूत और चेतना पांडे ने 3-3 तथा ज्योति धुर्वे ने 2 विकेट लिए। मैच में अंपायर की भूमिका त्रिलोक नायडू, अमित यादव ने निभाई, जबकि स्कोरर सिमरन रही।

### जबलपुर - छिंदवाड़ा में फाइनल आज

प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज प्रात: 9 बजे एमपीसीए स्टेडियम, नीमखेड़ा, जबलपुर में छिंदवाड़ा और जबलपुर जिलों के बीच खेला जाएगा।

# बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और लॉन टेनिस में दिखा जोश

▶ संभाग स्तरीय शिक्षक-अधिकारी कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शिक्षक-अधिकारी कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज से प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में इंदौरी, नर्सरी, डिंडोरी, नरसिंहपुर, मंडला, जबलपुर और कटनी जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में 50 वर्ष से ऊपर और 50 वर्ष से कम उम्र वर्ग के पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और लॉन टेनिस में मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल, और जबलपुर टीम मैनेजर डॉ. नेहा दवे ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन सचिन, डॉ. ज्योति जूनगरे ने किया और प्रतियोगिता की पूरी जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी ने खेलकूद की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भूमिका पर जोर दिया। प्रो. अरुण शुक्ल ने खेल को तनाव मुक्ति और मनोरंजन का महत्वपूर्ण साधन बताया। टीम मैनेजर डॉ. नेहा दवे ने सभी को खेल को जीवन में शामिल करने की प्रेरणा दी।



### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपस्थिति

प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शालिनी यादव और गुलबहार खान ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन सत्र में सभी प्रतियोगियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने शिक्षक और अधिकारी कर्मचारियों में खेलकूद के प्रति उत्साह और स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा दिया।

### प्रतियोगिता में शामिल प्रमुख खिलाड़ी

❑ टेबल टेनिस

**50 वर्ष से अधिक पुरुष:** डॉ. आरके श्रीवास्तव (जबलपुर), डॉ. विवेक जायसवाल (मंडला), डॉ. नोएल दान (जबलपुर), महेश वाहने (जबलपुर)

**50 वर्ष से कम महिला:** डॉ. रचना विश्वकर्मा (जबलपुर), डॉ. तूलिका गौतम (जबलपुर), डॉ. स्वाति इंदु रखा (जबलपुर), डॉ. रागिनी मार्को (जबलपुर)

**50 वर्ष से कम पुरुष:** डॉ. विशाल यादव (जबलपुर), डॉ. भानु प्रताप सिंह (नरसिंहपुर), डॉ. कृष्ण कुमार पांडे (जबलपुर), आशीष कुमार (जबलपुर)

**50 वर्ष से अधिक महिला:** डॉ. ज्योति (जबलपुर), डॉ. शालिनी यादव (जबलपुर), डॉ. भरतरी शर्मा (जबलपुर), डॉ. रेनू शर्मा (जबलपुर)

❑ शतरंज

50 वर्ष से अधिक महिला: डॉ. रेनू शर्मा (जबलपुर), डॉ. सीमा धुर्वे (जबलपुर), डॉ. अलका स्वास्थ्य (जबलपुर), डॉ. अनीता झरिया (मंडला)

50 वर्ष से कम पुरुष: डॉ. अर्पित द्वेदी (कटनी), डॉ. आदित्य गढ़वाल (कटनी), डॉ. कृष्ण कुमार पांडे (जबलपुर), देव प्रकाश

❑ बैडमिंटन

**50 वर्ष से अधिक महिला:** डॉ. शालिनी यादव (जबलपुर), डॉ. सांप जैन (जबलपुर), डॉ. भद्री शर्मा (जबलपुर), डॉ. अलका स्वास्थ्य (जबलपुर)

**50 वर्ष से अधिक पुरुष:** डॉ. अवधेश बागड़ी (जबलपुर), डॉ. रमेश शुक्ला (जबलपुर), डॉ. हरीश दुबे (जबलपुर), डॉ. गोपाल सिंह धुर्वे (मंडला)

**50 वर्ष से कम महिला:** डॉ. रचना विश्वकर्मा (जबलपुर), आकांक्षा मरावी (मंडला), डॉ. रश्मि पटेल (जबलपुर), सुशी वैष्णवी मसराम (मंडला)

**50 वर्ष से कम पुरुष:** डॉ. डेनियल प्रसाद (डिंडोरी), श्री गोपाल पाठक (डिंडोरी), डॉ. राजेश कुमार ठाकुर (नरसिंहपुर), डॉ. भानु प्रताप सिंह (नरसिंहपुर)

❑ टेनिस

**50 वर्ष से कम पुरुष:** धीरज (डिंडोरी/कटनी), डॉ. विजेंद्र यादव (जबलपुर), डॉ. आदित्य गढ़वाल (कटनी)



# प्राकृतिक आपदाओं से बचने दी गई जानकारी

▶ हवाबाग कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

**नवभारत,जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर, रादुविवि रासेयो के समन्वयक डॉ. शोभा राम मेहरा एवं महाविद्यालय की प्रबंधक छाया सिलास एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सहवार सैयद के मार्गदर्शन में ग्वारीघाट स्थित 'निराश्रित महिला आश्रम दयालदास चौक' में आयोजित किया गया।शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय से डॉ. प्रिया पवार एवं उनकी टीम के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं शिविरार्थियों द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवा वितरित की गई। प्रशिक्षण शिविर में डिवीजनल वार्डन सिविल डिफेंस एवं जिला इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग के द्वारा सभी छात्राओं को प्राकृतिक आपदाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही तेज सिंह राठौर द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं मोबाइल के रेडिएशन के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का संदेश दिया गया, साथ ही नुक्कड़ नाटक, जल संरक्षण पर रैली और श्रमदान के माध्यम से जागरूक किया गया। समापन अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# रेलवे द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु टीम तैनात

**जबलपुर, नवभारत।** गुरुवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र के शुभ अवसर पर मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन हेतु आने जाने वाले रेल यात्रियों के स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार हेतु जबलपुर रेल मंडल द्वारा सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों को प्राथमिक उपचार हेतु तैनात किया गया है। ब्रिगेड के कोर कमांडर वरुण चतुर्वेदी द्वारा इस संबंध में 35 स्वयंसेवकों को मैहर में 9 दिनों तक 24 घंटे स्वास्थ्य शिविर लगाने हेतु लिस्ट जारी की गई है। इस संबंध में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सचिव सादिक खान तथा संयुक्त सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी संस्था के सदस्य 24 घंटे मैहर स्टेशन पर तैनात रहेंगे तथा किसी भी तीर्थयात्री के अस्वस्थ या चोटिल होने पर तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

# मैराथन से दिया स्वास्थ्य, एकता और भक्ति का संदेश

▶ चेटीचंड पर 'रन फॉर श्री झूलेलाल' मैराथन का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेटीचंड के पावन अवसर पर 'रन फॉर श्री झूलेलाल' मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन शसिंधु भवन से प्रारंभ होकर करमचंद चौक, नौदराब्रिज, तैयबअली चौक, घंटाघर और पुन: सिंधु भवन में समाप्त हुई। इस यात्रा में हजारों महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए और पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और एकता भक्ति का संदेश देते हुए चल रहे थे। युवा झूलेलाल जी के जयकारे लगा रहे थे। मैराथन को स्वामी प्रदीप महाराज, विजय रोहाणी, मोतीलाल पारवानी, दिलीप तलरेजा, उद्धवदास पारवानी और राम आहूजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सिमर वाधवानी, रमेश आहूजा, राजकुमार कंधारी, अशोक चावलानी, त्रिलोक वासवानी, लक्ष्मीचंद खेमानी, गोविंद हीरानी, कैलाश वासवानी, प्रकाश आहूजा, विकास नोतानी, मोती रतलानी, दिलीप बुधरानी, भरत कुंदवानी, सनी कुंगानी, सोनू लालवानी,



रितेश मोटवानी और सुधीर भागचंदनी उपस्थित रहे।

### आज सुबह प्रभात शोभायात्रा

इसी क्रम में आज सुबह विशाल प्रभात शोभायात्रा का आयोजन श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, कॉफी हाउस रोड और बड़ी ओमती होते हुए घंटाघर-सिंधु भवन में समाप्त होगी। सभी नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की गई है।


**2 म.प्र. नौ सेना इकाई रा. के. कोर, पचपेढी रोड, जबलपुर**

दुरभाष: 0761-2974945 | ईमेल आई डी - mpnavalnccjbp@yahoo.com

क्रमांक 104/क्यू/एनसीसी/26-27 | जबलपुर, दिनांक:- 14 मार्च 2026

**एनसीसी कैम्प हेतु डाय राशन उपलब्ध कराने की निविदा सूचना**

1. उपरोक्त बिषयान्तर्गत लेख है कि 2 म प्र नौसेना इकाई एन सी सी जबलपुर द्वारा एनसीसी शिविर दिनोंक 05 अप्रैल 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 500 नेवल एनसीसी कैडेटस एवं एनसीसी अधिकारी / कर्मचारी सम्मिलित होंगे जिसके लिए प्रतिदिन एनसीसी कैडेटस एवं एनसीसी अधिकारी / कर्मचारी भोजन करेंगे जिसके लिए सूखे राशन की आवश्यकता हैं। जिसमें प्राधिकृत निविदाकताओं को उक्त कैप परिसर में स्वंय ही पहुँचाना होगा:-

(अ) खाद्य सामग्री, (ब) सब्जियां (मांग के अनुसार), (स) मौसमी फल, (द) बैकरी आईटम, (इ) दुग्ध एंव दुग्ध से निर्मित सामग्रियां आदि

2. अत: सभी पंजीकृत राशन के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सामग्री प्रदान किए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। साथ ही खाने का सामान जैसे आटा, दाल, चावल, वनस्पति तेल इत्यादि के रेटस व क्वालिटी की जानकारी अपनी निविदा में भरकर इस कार्यालय में दिनॉक 25 मार्च 2026 को 04 बजे तक इस कार्यालय में रखें टेडर बाक्स में जमा करें। साथ ही सूखे राशन का सैम्पल भी उपलब्ध करायें।

कार्यालय का पता निम्नानुसार है :-

कमान अधिकारी

2 म प्र नौ सेना इकाई रा के कौर

पचपेढी रोड, जबलपुर

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : 25 मार्च 2026 समय 04.00 बजे तक

निवदा खुलने कि तिथि व समय : 30 मार्च 2026 समय 11.00 बजे तक



## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं प्रदेन उपसचिव,मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/922/भू-अर्जन/2026 | सिवनी, दिनांक: 06/03/2026

**प्रारंभिक अधिसूचना**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की गुनगुच जलाशय परियोजना के बांध एवं नहर निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री तिलवारा बांयी तट नहर संभाग केवलारी जिला सिवनी को संबधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-12 में दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। अर्जित की जाने वाली भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 के अंतर्गत, सिचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रकिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होंगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार भोपाल द्वारा दिनांक 17/04/2015 को स्वीकृत प्रदान की गई है। अत :अधिनियम की धारा-11 (3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

**1- ग्राम का नाम :- बेगरवानी  प.ह.नं.:-12  रा.नि.मं.-धनौरा  तहसील:-धनौरा  जिला:-सिवनी**

**2- अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि क्षेत्रफल:- 4.63 हेक्टेयर**

| स.क्र. | सर्वेक्षण क्रमांक | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का अधीन क्षेत्रफल(हे.) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमाएं | | | | वृक्ष | | संरचना | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | प्रजाति किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 28 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.06 | सोनाबाई बेवा सीताराम कुम्हारसिंह मुन्नीबाई अंजनीबाई प्रेमवती संगीता पि. सीताराम गंगोत्री बेवा टीकाराम मानसिंह मानवती पि. टीकाराम मितियाबाई मितरोबाई पि. धनराज जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 28 की भूमि | ख.नं. 28 की भूमि | ख.नं. 35 की भूमि | ख.नं. 33 की भूमि | — | — | — | — |
| 2 | 33/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | प्रेमाबाई बेवा झामा रायसिंह हरिचंद पि. झामा जाति परधान नि. ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 33/1 की भूमि | ख.नं. 33/1 की भूमि | ख.नं. 35 की भूमि | ख.नं. 33/3 की भूमि | महुआ | 1 | — | — |
| 3 | 33/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | टेकचंद पि. निजाम जाति परधान नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 33/2 की भूमि | ख.नं. 33/2 की भूमि | ख.नं. 33/3 की भूमि | ख.नं. 32/3 की भूमि | महुआ सागौन | 1 1 | — | — |
| 4 | 33/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | जीरालाल पि. निजाम जाति परधान नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 33/3 की भूमि | ख.नं. 33/3 की भूमि | ख.नं. 33/1 की भूमि | ख.नं. 33/2 की भूमि | महुआ | 1 | — | — |
| 5 | 37/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | धानवती बेवा छतर राजू छेदामा राजेश सुरेश सुदामा पि. छतर जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 37/1 की भूमि | ख.नं. 37/2 की भूमि | ख.नं. 27 की भूमि | ख.नं. 35 की भूमि | — | — | — | — |
| 6 | 37/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | इमरत पि. मारी जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 37/1 की भूमि | ख.नं. 37/2 की भूमि | ख.नं. 27 की भूमि | ख.नं. 35 की भूमि | — | — | — | — |
| 7 | 39 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.18 | सेवतीबाई बेवा गोपाल सिंगराम संतोष बसंत रामप्रसाद पि. गोपाल जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 39 की भूमि | ख.नं. 39 की भूमि | ख.नं. 53 की भूमि | ख.नं. 57 की भूमि | — | — | — | — |
| 8 | 42 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.60 | हरिसिंह पिल्लू टेड़ा रेगटा पि. पतिराम जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 32/6 की भूमि | ख.नं. 42 की भूमि | ख.नं. 42 की भूमि | ख.नं. 42 की भूमि | — | — | — | — |
| 9 | 46 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | मंगलो कंचन भोजे पूरन पुन्नू रैंतीबाई रैमाबाई पि. दूलर नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 46 की भूमि | ख.नं. 46 की भूमि | ख.नं. 45 की भूमि | ख.नं. 47 की भूमि | — | — | — | — |
| 10 | 48 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.09 | ढब्बू पि. सम्मू शिवलाल सिरपतिया निरपतिया बिसनिया सेवबाई चित्रकली पि. गिरानी जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 48 की भूमि | ख.नं. 48 की भूमि | ख.नं. 47 की भूमि | ख.नं. 51 की भूमि | — | — | — | — |
| 11 | 52/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | फागुलाल पुत्र रामसिंह जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 52/1 की भूमि | ख.नं. 52/1 की भूमि | ख.नं. 42 की भूमि | ख.नं. 52/2 की भूमि | — | — | — | — |
| 12 | 52/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.11 | | ख.नं. 52/1 की भूमि | ख.नं. 52/2 की भूमि | ख.नं. 52/1 की भूमि | ख.नं. 53 की भूमि | — | — | — | — |
| 13 | 57/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.31 | ओमकारप्रसाद पि. कामताप्रसाद जाति कलार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 57/1 की भूमि | ख.नं. 57/2 की भूमि | ख.नं. 39 की भूमि | ख.नं. 58 की भूमि | — | — | — | — |
| 14 | 58 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | धनराज पि. गिरानी जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 58 की भूमि | ख.नं. 58 की भूमि | ख.नं. 57/1 की भूमि | ख.नं. 61/1 की भूमि | — | — | — | — |
| 15 | 169/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.27 | नीलमसिह पुत्र गुलाब जाति परधान नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 166 की भूमि | ख.नं. 189 की भूमि | ख.नं. 169/1 की भूमि | ख.नं. 169/1 की भूमि | — | — | — | — |
| 16 | 169/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.17 | रामूलाल पुत्र राजाराम जाति मेहरा नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 160 की भूमि | ख.नं. 189 की भूमि | ख.नं. 169/2 की भूमि | ख.नं. 169/2 की भूमि | — | — | — | — |
| 17 | 170/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | टेकचंद पि. निजाम जाति परधान नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 149/2 की भूमि | ख.नं. 189 की भूमि | ख.नं. 170/2 की भूमि | ख.नं. 170/2 की भूमि | — | — | — | — |
| 18 | 224 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.29 | संतियाबाई बेवा संउवा शैलवती चैनवती कोदूलाल लोंगसिंह गीताबाई लोंगवाती | ख.नं. 225 की भूमि | ख.नं. 240 की भूमि | ख.नं. 224 की भूमि | ख.नं. 224 की भूमि | — | — | — | — |
| 19 | 242 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | दसोदाबाई पि. संउवा पुरनिया बेवा संउवा टांटोबाई बेवा मदनसिंह दिनेश भगत भारत | ख.नं. 242 की भूमि | ख.नं. 242 की भूमि | ख.नं. 241 की भूमि | ख.नं. 240 की भूमि | — | — | — | — |
| 20 | 247 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.34 | सत्येन्द्र कौशल्या रोहणी भारती रंची पि. मदनसिंह जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 241 की भूमि | सरहद | ख.नं. 247 की भूमि | ख.नं. 247 की भूमि | — | — | — | — |
| 21 | 225/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.10 | कमलसिंह पि. रतिराम जाति कतिया नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 225/2 की भूमि | ख.नं. 224 की भूमि | ख.नं. 225/1 की भूमि | ख.नं. 225/1 की भूमि | — | — | — | — |
| 22 | 225/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | चितरोबाई पत्नी मंथ्थनसिह जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 236 की भूमि | ख.नं. 225/1 की भूमि | ख.नं. 225/2 की भूमि | ख.नं. 225/2 की भूमि | — | — | — | — |
| 23 | 232/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.44 | रणजीतसिह संजूसिह पि. भगवानसिह जाति राजपूत नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 235 की भूमि | ख.नं. 226 की भूमि | ख.नं. 232/1 की भूमि | ख.नं. 232/1 की भूमि | — | — | — | — |
| 24 | 234/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | श्यामाबाई पत्नी मेहतर जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 235 की भूमि | ख.नं. 232 की भूमि | ख.नं. 234/1 की भूमि | ख.नं. 232 की भूमि | — | — | — | — |
| 25 | 235/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | धनराजसिंह धीरसिंह शिवकुमार छोटीबाई तुलसाबाई कमलीबाई रमलीबाई सेवतीबाई इतियाबाई समलीबाई पि. गिरानी जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 189 की भूमि | ख.नं. 234 की भूमि | ख.नं. 235/1 की भूमि | ख.नं. 235/1 की भूमि | — | — | — | — |
| 26 | 241/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.16 | कीर्तिबाई पति नीलमसिह जाति गोंड नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 241/3 की भूमि | ख.नं. 241/3 की भूमि | ख.नं. 247 की भूमि | ख.नं. 242 की भूमि | — | — | — | — |
| 27 | 61/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.13 | दीपककुमार पि. नौबदराय जाति मेहरा नि.ग्रा. भूमिस्वामी | ख.नं. 58 की भूमि | ख.नं. 59/5 की भूमि | ख.नं. 61/1 की भूमि | ख.नं. 61/1 की भूमि | — | — | — | — |
| योग | 27 | | | 4.63 | | | | | | वृक्ष | 4 | — | — |

(1) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी घंसौर जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। (2) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, तिलवरा बांयी तट नहर संभाग केवलरी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। (3)अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय/विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। (4) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति '' भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनयम 2013 की धारा-15 (1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेंगे।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

**(बिसन सिंह गोंड)**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**एवं भू-अर्जन अधिकारी**
**घंसौर जिला-सिवनी (म.प्र.)**

**(शीतला पटले)**
**कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला-सिवनी (म.प्र.)**

जी-27477/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता